राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई, उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरांचल, उतराखंड, दिल्ली, हरियाणा में प्रसारित

क्रांति समय
SURESH MAURYA
(Chief Editor)
M. 98791 41480
Working. off.: STPI-SURAT, GUJARAT-395023 (Software Technology Park of India, Surat.
www.krantisamay.com
www.krantisamay.in
krantisamay@gmail.com

सुरत-गुजरात, संस्करण गुरुवार 29 जुलाई-2021 वर्ष-4, अंक - 186 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संक्षिप्त खबरें

## यमुना में हथिनीकुंड बैराज से छोड़ा गया एक लाख 25 हजार क्यूसेक पानी



मेरठ। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से एक बार फिर नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। पश्चिमी यूपी के अधिकतर जिलों में मंगलवार देर रात से ही बारिश हो रही है, वहीं बिजनौर में हथिनीकुंड बैराज से आज दोपहर 12 बजे तक एक लाख 25 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद से यमुना उफान पर है। इससे यमुना का जलस्तर बढ़ गया है। वहीं यमुना के तटवर्ती क्षेत्रों में भूमिकटान को देखते हुए किसान चिंतित हैं। वहीं प्रशासन ने लोगों को यमुना के समीप न जाने की चेतावनी जारी की है। पहाड़ों पर बारिश जारी होने से यमुना नदी में हथिनीकुंड बैराज से दोपहर 12 बजे 1 लाख 25 हजार 314 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जबकि सुबह 10` बजे हथिनी कुंड बैराज से 34,000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। शामली में मध्य रात्रि से शुरू हुई मानसूनी बारिश अभी भी जारी है। पूरी यमुना नहर खंड के उप राजस्व अधिकारी अंबुज चौधरी के मुताबिक मंगलवार की रात से लेकर बुधवार सुबह आठ बजे तक 108 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है। उन्होंने बताया कि बारिश जारी रहने से शाम तक बारिश का आंकड़ा ज्यादा हो सकता है। बारिश से शहर के कई स्थानों पर जलभराव हो गया है, एक और रेलवे के अंडर पास जलमग्न हो गए हैं। इस मौसम की 108 एमएम बारिश सबसे ज्यादा रिकॉर्ड की गई है। यमुना में जलस्तर बढ़ने से कैराना यमुना ब्रिज परे अब तक जलस्तर 228 मीटर 72 सेंटीमीटर नापा गया था, लेकिन यमुना में आज दोपहर 12 बजे छोड़े गए पानी से 24 घंटे में जलस्तर बढ़ने की संभावना है।



# देशभर में खराब मौसम से हाल बेहाल

### जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से 4 की मौत, 40 लापता, महाराष्ट्र के 7 जिलों में यलो अलर्ट, हिमाचल में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात





नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर में किश्तवाड़ के होंजर डच्चन गांव में बादल फटने से 4 लोगों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अब तक 17 लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। 30 से 40 लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। खराब मौसम की वजह से बचाव के लिए पुलिस और सेना के जवानों को मौके पर पहुंचने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। घायलों का एयरलिफ्ट करने के लिए एयरफोर्स की भी मदद ली जा रही है। वहीं, महाराष्ट्र में मौसम विभाग ने फिर एक बार मूसलाधार बारिश की चेतावनी दी है। रायगढ़, रत्नगिरि, कोल्हापुर, सातारा सहित बाढ़ से बेहाल जिलों में फिर से मूसलाधार बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने 30 जुलाई तक ऐसे ही हालात बने रहने की आशंका जताई है। इसके अलावा पुणे, सिंधुदुर्ग और ठाणे के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। उधर, हिमाचल प्रदेश में अचानक आई बाढ़ से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 9 लोग लापता बताए जा रहे हैं। लाहौल-स्पिति जिले के उदयपुर में मंगलवार की रात आठ बजे यह घटना हुई। राज्य आपदा प्रबंधन के डायरेक्टर सुदेश कुमार मोख्ता ने बताया कि बादल फटने के चलते लाहौल-स्पिति जिले में अचानक बाढ़ आ गई। चंबा जिले से भी एक शख्स लापता बताया जा रहा है। आइए जानते हैं । सबसे पहले बात जम्मू-कश्मीर की करें, तो किश्तवाड़ में बादल फटने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी लाने की कोशिशें की जा रही हैं। यहां के डिप्टी कमिश्नर के मुताबिक, टीम ने भी मोर्चा संभाल लिया है। कारीब 9 घरों को भारी नुकसान हुआ है। फिलहाल 4 शव बरामद किए गए हैं। बाकियों की तलाश जारी है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने यहां के ऊट अशोक शर्मा से बात की और हालात का जायजा लिया। वहीं, दिल्ली में देर से आए मानसून ने कुछ ही दिनों में सबसे ज्यादा बारिश के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यहां पिछले दो दिन से अच्छी बारिश हो रही है। इस दौरान 381 मिमी बारिश रिकॉर्ड की जा चुकी है, 2003 के बाद से जुलाई में सबसे अधिक है। क्टऊके मुताबिक, मंगलवार सुबह सिर्फ 3 घंटे में दिल्ली में 100 मिमी बारिश दर्ज की गई। यह भी 8 साल में जुलाई महीने में 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश है। 2013 में दिल्ली में 21 जुलाई को 123.4 मिमी बारिश हुई थी। राज्य के लाहौल स्पीति के तोजिंग नाला और कुल्लू में मणिकर्ण की ब्रह्मगंगा नदी में भारी बारिश के चलते बाढ़ आ गई है। वहीं घाटी के सभी नदी-नाले उफान पर हैं, जिसे देखते हुए रढ लाहौल स्पीति मानव वर्मा ने एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से अपील की है कि वे मनाली-लेह हाईवे पर और लाहौल स्पीति की यात्रा करने से बचें। वहीं, बाढ़ में बहे लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। रातभर बचाव कार्य चलता रहा, लेकिन बुधवार सुबह तक एक ही शव बरामद हुआ। इफ्ड के लेफ्टिनेंट कर्नल के मुताबिक, अगले 12 घंटे तक सड़क की सफाई के लिए हालात सुरक्षित नहीं हैं। इसलिए जल स्तर कम होने पर सड़क से मलबा हटाया जाएगा। कुल्लू की मणिकर्ण घाटी की ब्रह्मगंगा नदी में सुबह 6 बजे बाढ़ आ गई। इसमें मां-बेटे के बहने की खबर है। वहीं, एक कैंपिंग साइट भी बाढ़ की भेंट चढ़ गई है। बताया जा रहा है कि एक और महिला भी लापता है, जिसकी अभी पुष्टि नहीं हई है। जब ब्रह्मगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से अफरा-तफरी मच गई, लोग सुरक्षित स्थानों की तरफ भागने लगे। इसी दौरान मां-बेटे भी सुरक्षित स्थानों की तरफ भागने लगे, लेकिन दोनों बाढ़ में अचानक बह गए।

# केरल सरकार को झटका

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा: सदन में संपत्तियों को नुकसान पहुंचाना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केरल में सत्तारूढ़ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें 2015 में केरल विधानसभा में 'हुड़दंग' के लिए अपने नेताओं के खिलाफ मुकदमे को वापस लेने की अनुमति मांगी गई थी। इस प्रकरण के समय माकपा विपक्ष में थी। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड और जस्टिस एमआर शाह की पीठ ने फैसला सुनाया है कि आरोपी विधायकों का कृत्य संवैधानिक सीमाओं को पार कर गया है। पीठ ने कहा कि संविधान द्वारा कानून निमार्ताओं को सदन के पटल पर मिली छूट को आपराधिक अभियोजन तक के लिए बढाया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सदन में संपत्तियों को नुकसान पहुंचाना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं है। इन परिस्थितियों में मामलों को वापस लेने की अनुमति देना न्याय के सामान्य प्रक्रिया में हस्तक्षेप करना होगा। सुप्रीम कोर्ट में अपने फैसले में कहा है कि सांसदों और विधायकों को दी गई प्रतिरक्षा उन्हें बिना किसी डर या पक्षपात के अपने कार्यों का निर्वहन करने में मदद करने के लिए है, लेकिन यह स्थिति उन्हें अन्य नागरिकों की तुलना में उच्च स्तर पर खड़ा नहीं करता है।' यह कहते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केरल सरकार की याचिका को खारिज करते हुए हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है। राज्य सरकार ने केरल हाईकोर्ट के 12 मार्च, 2021 के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। पहले तिरुवनंतपुरम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और बाद में हाईकोर्ट से मौजूदा मंत्रियों सहित आरोपियों के खिलाफ मुकदमा वापस लेने की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन वहां से राहत नहीं मिल पाई थी

## कराची में चीनी नागरिक की गाड़ी पर ताबड़तोड़

**कराची।** पाकिस्तान के कराची में बुधवार को एक चीनी नागरिक की कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी गई जिससे` वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पाकिस्तान के कराची में बुधवार को एक चीनी नागरिक की कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी गई जिससे` वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना नौ चीनी श्रमिकों के मारे जाने के दो सप्ताह बाद हुई जब विस्फोटक के द्वारा उनकी बस पर हमला किया गया था। बता दें कि 14 जुलाई को पाकिस्तान के उत्तरी हिस्से में एक बस में बम धमाके में 13 लोगों की मौत हो गई थी। इस बस में चीनी नागरिक सवार थे। ये बस चीनी इंजीनियरों लेकर दसू बांध की साइट पर लेकर जा रही थी। इसी दौरान धमाका हुआ, जिसमें 9 चीनी इंजीनियर समेत 13 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो पाकिस्तानी सैनिक भी शामिल हैं।

# पोर्नोग्राफी केस: अभी जेल में ही रहेंगे राज कुंद्रा

### कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका



मुम्बई। पोर्न फिल्में बनाने और उन्हें एप्स पर अपलोड करने के मामले में गिरफ्तार हुए शिल्पा शेट्टी के पति और बिजनेसमैन राज कुंद्रा की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। हाल ही में मुंबई की एस्प्लेनेडे कोर्ट ने राज और रयान थोर्पे की जमानत याचिका खारिज कर दी है। बता दें कि राज कुंद्रा (फ्रं ड्४ल्लश्ि) 14 दिन की न्यायिक हिरासत में हैं और अब उनकी जमानत याचिका भी खारिज कर दी गई है। गौरतलब है कि इस साल फरवरी में पोर्नोग्राफी रैकेट केस का भंडाफोड़ मुंबई क्राइम ब्रांच के सामने हुआ था। जब क्राइम ब्रांच को पता चला कि इस केस के तार मशहूर बिजेनसमैन और शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा से जुड़े हुए हैं तो इसकी जांच की जाने लगी। पांच महीने की जांच के बाद क्राइम ब्रांच को पुख्ता सबूत मिले जिसके आधार पर राज को गिरफ्तार किया गया। मुंबई की क्राइम ब्रांच लगातार इस मामले की जांच कर रही है और आए दिन इस केस में नए खुलासे हो रहे हैं। मुंबई पुलिस ने अदालत में कहा कि राज कुंद्रा ने अश्लील फिल्मों का निर्माण एवं व्यापार करके लगभग 1.17 करोड़ रुपए कमाए हैं और यह रुपये उन्होंने अगस्त 2020 से लेकर दिसंबर 2020 के बीच ही कमाए हैं। राज कुंद्रा पिछले लंबे समय से अपनी गिरफ्तारी को गलत बता रहे थे लेकिन इसी बीच कोर्ट ने उन्हें किसी भी प्रकार की कोई राहत देने से साफ इनकार कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में पहली चार्जशीट फाइल कर दी है जिसमें राज कुंद्रा के एडल्ट फिल्म बिजनेस को लेकर फिर नया खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि राज कुंद्रा ने कंपनी के लिए एक टारगेट सेट किया था। वो 2023 तक इन फिल्मों के जरिए 34 करोड़ रुपये कमाने का गोल लेकर चल रहे थे। इससे पहले भी एक खुलासे में क्राइम ब्रांच ने बताया था कि राज कुंद्रा करीब 9 करोड़ रुपयों में कई वीडियोज को बेचने की डील भी कर चुके थे।

# जासूस कांड: विपक्ष एकजुट

### राहुल गांधी ने पूछा: सरकार ने पेगासस खरीदा या नहीं, हां या ना में दें जवाब





नई दिल्ली। पेगासस जासूसी कांड, महंगाई और कृषि कानूनों को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। संसद से लेकर सड़क तक विपक्ष सरकार को घेरने में जुटा है। बुधवार को राहुल गांधी की अगुवाई में 14 दलों के सांसदों ने संसद भवन से विजय चौक तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि संसद में सरकार उनकी आवाजे दबा रही है। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी ने लोगों के फोन में जासूसी का हथियार डाला। जज, पत्रकारों की जासूसी करवाई गई है। आखिर लोकतंत्र में जासूसी क्यों करवाई जा रही है, जासूसी का इस्तेमाल देश के खिलाफ है। हिंदुस्तान के लोकतंत्र पर यह हमला है। विपक्ष इस मुद्दे पर सदन में चर्चा कराने की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार चर्चा को लेकर तैयार नहीं है। राहुल गांधी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि क्या सरकार ने पेगासस सॉफ्टवेयरे को खरीदा था या नहीं, इसपर वह सफाई क्यों नहीं देते। राहुल गांधी ने कहा कि आखिर सरकार इस मुद्दे पर चर्चा क्यों नहीं करना चाह रही है। हम सदन में गतिरोध पैदा नहीं कर रहे हैं, हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। वहीं, शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि ये राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। ये पहली बार नहीं हुआ है। हम इनके साथ काम कर चुके हैं।` ये राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है, इसलिए इस पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए। शिवसेना के बाद सपा सांसद रामगोपाल यादव ने कहा कि सरकार कह रही है कि हम चर्चा के लिए तैयार हैं, फिर क्यों वो चर्चा से भाग रही? आज लोकसभा और राज्यसभा में बुधवार को भी पेगासास जासूसी कांड को लेकर जोरदार हंगामा हुआ। विपक्षी दल सरकार से सदन में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग पर अड़े हुए हैं और प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से जवाब मांग रहे हैं। वहीं, सत्ता पक्ष विपक्ष पर` सदन नहीं चलने देने और चर्चा नहीं करने का आरोप लगा लगा रहा है। बता दें कि पेगासस जासूसी कांड को लेकर विपक्ष हमलावर है, जिसके चलते अब तक संसद की कार्यवाही ठप रही है। इस मामले में विपक्ष दलों के नेता प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से जवाब मांग रहे हैं। हालांकि, संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से इस मुद्दे पर जवाब दिया गया था, लेकिन विपक्ष पीएम और गृहमंत्री से जवाब की मांग पर अड़ा है। कांग्रेस समेत 14 विपक्षी दलों के नेताओं ने` सरकार को घेरने और दबाव बनाने की रणनीति पर चर्चा की। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संसद भवन स्थित कक्ष में हुई इस बैठक में खड़गे के अलावा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, शिवसेना के संजय राउत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रफुल्ल पटेल, द्रमुक के टीआर बालू और अन्य दलों के नेता मौजूद थे। पेगासस और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर पिछले कई दिनों से संसद के दोनों सदनों में गतिरोध बना हुआ है। 19 जुलाई से मॉनसून सत्र आरंभ हुआ था, लेकिन अब तक दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित रही है। विपक्षी दलों का कहना है कि पेगासस जासूसी मुद्दे पर चर्चा कराने के लिए सरकार के तैयार होने के बाद ही संसद में गतिरोध खत्म होगा।


### आईपीएस राकेश अस्थाना ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर का कार्यभार संभाला

# सीबीआई में रहते हुए थे चर्चित



**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के गुजरात कैडर के वरिष्ठ अधिकारी राकेश अस्थाना ने बुधवार को दिल्ली के पुलिस आयुक्त का पदभार संभाल लिया। मध्य दिल्ली के जय सिंह मार्ग पर स्थित पुलिस मुख्यालय पहुंचने पर अस्थाना को पुलिस बल ने रस्मी गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मंगलवार को गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक के रूप में कार्यरत अस्थाना को तत्काल प्रभाव से दिल्ली पुलिस आयुक्त बनाया था। अस्थाना की नियुक्ति 31 जुलाई को उनकी सेवानिवृत्ति से कुछ दिन पहले हुई है। उनका कार्यकाल एक साल का होगा। इस तरह के बहुत कम उदाहरण हैं जब अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर से बाहर के किसी आईपीएस अधिकारी को दिल्ली पुलिस के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया हो। 1984 बैच के आईपीएस अधिकारी अस्थाना पहले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में विशेष निदेशक रह चुके हैं। सीबीआई में अपने कार्यकाल के दौरान उनका तत्कालीन निदेशक आलोक वर्मा के साथ विवाद हो गया था। इसमें दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। दिलचस्प है कि वर्मा सीबीआई निदेशक बनने से पहले दिल्ली पुलिस के आयुक्त थे। जून के अंत में पुलिस आयुक्त पद से एसएन श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने के बाद वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी बालाजी श्रीवास्तव को पुलिस आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

# मुक्केबाज पूजा रानी क्वार्टर फाइनल में



तोक्यो। भारतीय मुक्केबाज पूजा रानी (75 किग्रा) ने बुधवार को यहां ओलंपिक खेलों में पदार्पण करते हुए शुरूआती मुकाबले में अल्जीरिया की इचरक चाएब को 5-0 से पराजित कर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। तीस साल की भारतीय ने पूरे मुकाबले के दौरान अपने से 10 साल जूनियर प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा बनाये रखा। दो बार की एशियाई चैम्पियन दाहिने हाथ के सीधे दमदार मुक्कों से नियंत्रण बनाये हुए थीं और उन्हें चाएब के रिंग में संतुलन की कमी का भी काफी फायदा मिला। तीनों राउंड में रानी का दबदबा रहा जबकि चाएब भी अपना पहला ओलंपिक खेल रही थीं लेकिन वह मुक्के सही जगह नहीं जड़ पा रही थीं। रानी ने विपक्षी से दूरी बनाकर चतुराई भरा प्रदर्शन किया। रानी ने पूरी बाउट के दौरान जवाबी हमले किये जबकि चाएब भी दमदार मुक्के लगाने का प्रयास कर रही थीं लेकिन वे अपने लक्ष्य से चूकते रहे। रानी का ओलंपिक का सफर काफी मुश्किलों से भरा रहा है। वह कंधे की चोट से जूझती रहीं जिससे उनका करियर खत्म होने का भी डर बना हुआ था, उनका हाथ भी जल गया था। वित्तीय सहयोग की कमी के बावजूद वह यहां तक पहुंची हैं। उनके पिता पुलिस अधिकारी हैं जो उन्हें इस खेल में नहीं आने देना चाहते थे क्योंकि उन्हें लगता था कि मुक्केबाजी आक्रामक लोगों के लिये ही है। उन्होंने साक्षात्कार में कहा था, ह्यह्यमार लग जायेगी। मेरे पिता ने यही कहा था। उन्होंने कहा था कि यह खेल मेरे लिये नहीं है क्योंकि उन्हें लगता था कि मुक्केबाजी केवल आक्रामक (गुस्सैल) लोग ही करते हैं।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# कस्टोडियल डेथ के मामले में पीआई समेत चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

**क्रांति समय दैनिक**

नवसारी,चीखली पुलिस थाने में दो आदिवासी युवकों की संदिग्ध मौत के मामले में जिला पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पीआई और पीएसआई समेत चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक नवसारी जिले के चीखली पुलिस थाने में दो आदिवासी युवकों की संदिग्ध मौत के बाद आदिवासी समाज में आक्रोश भड़क उठा। मृतकों के परिजनों ने कस्टोडियल डेथ के मामले में चीखली पुलिस थाने के पीआई, पीएसआई, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल के खिलाफ लिखित शिकायत की थी। इस घटना के विरोध में गत सोमवार को डांग बंद का




ऐलान किया गया था। डांग से भाजपा विधायक समेत कांग्रेस नेताओं ने भी मृतकों के परिजनों का समर्थन किया। भाजपा विधायक ने परिजनों की मौजूदगी में पुलिस के साथ बैठक की। जिसमें परिजनों की ओर की गई लिखित शिकायत के आधार पर कार्रवाई करने की मांग की गई। पुलिस द्वारा कार्यवाही के आश्वासन के बाद आज चीखली पुलिस थाने के पीआई एआर वाला, पीएसआई एमबी कोकणी, हेड कांस्टेबल शक्तिसिंह झाला और कांस्टेबल रामजी यादव के खिलाफ हत्या और एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

# सूरत निगम आम बैठक, आप पार्षद कानू गाड़िया एक दिन के लिए निलंबित

**क्रांति समय दैनिक**

सूरत नगर पालिका की आम बैठक हुई। जिसमें आप ने हंगामा किया था। तब आपके पार्षद कानू गाड़िया को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया था। हंगामे के बाद कानू गाड़िया को मीटिंग हॉल से बाहर खींच लिया गया। तो आपके सभी पार्षद भी बाहर हो गए। उल्लेखनीय है कि सूरत नगर पालिका की आम बैठक में आपके पार्षद की सुधार की मांग खारिज होने पर हंगामा हुआ था क्योंकि 443 छात्रों के खिलाफ एक ही कक्षा शुरू की गई थी.

इस प्रकार आम आदमी पार्टी के प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया और नगर प्राथमिक शिक्षा समिति में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या बहुत बड़ी है। उस समय उन सभी बच्चों को सरकारी स्कूल में प्रवेश दिलाने की व्यवस्था करना आवश्यक है। आम आदमी पार्टी ने कोसाड के लैंडिंग क्षेत्र के भीतर नए शुरू हुए स्कूल में और कक्षा 9 की कक्षाएं शुरूकरने की मांग की थी. 443 छात्रों के मुकाबले स्कूल में कम से कम तीन से चार कक्षाएं शुरूहोने पर छात्रों को कठिनाइयों का सामना करने की संभावना कम थी। लेकिन आम आदमी पार्टी द्वारा महासभा में किए गए प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया। बार-बार अभ्यावेदन पर पार्षद को निलंबित किए जाने के बाद

आम आदमी पार्टी के पार्षद कानू गाड़िया द्वारा संशोधन का प्रस्ताव रखा गया था । लेकिन इसे मंजूर नहीं किया गया। आम आदमी पार्टी के पार्षद आम बैठक से नाराज थे, जिसने बार-बार अभ्यावेदन पर पार्षद को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया। विपक्ष के नेता समेत तमाम पार्षदों ने नारेबाजी शुरू कर दी, जो ऐसा व्यवहार कर रहे थे कि छात्रों के हित में उठाए गए सवाल भी निगम अधिकारियों को सुनने को तैयार नहीं थे.



**अधिकारियों ने मनमाने ढंग से लिया फैसला : पार्षद कानू गड़िया**

इस प्रकार आम आदमी पार्टी के पार्षद कानू गड़िया ने कहा कि नगर प्राथमिक शिक्षा समिति में यदि बड़ी संख्या में छात्र कक्षा 8 पास हुए हैं तो कक्षा के सुमन स्कूल के अंदर भी व्यवस्था की जाए। यदि कक्षा आठ में 443 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं और उसके विरुद्ध केवल एक कक्षा प्रारंभ की गई है तो स्वाभाविक रूप से माता-पिता को अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए निजी विद्यालयों में प्रवेश देना पड़ता है। वर्तमान में लोगों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है और निजी स्कूलों को अंधाधुंध लूटने से अभिभावकों की आर्थिक तंगी बढ़ सकती है। हमने मांग की कि यदि नए स्कूल नंबर 19 में कक्षा 9 का स्तर बढ़ाया जाता है, तो आम परिवार को अपने बच्चे को शिक्षित करने में कोई समस्या नहीं होगी, लेकिन मुझे अधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से निलंबित करने से कोई आपत्ति नहीं है, बल्कि गरीब और मध्यम वर्ग की समस्या है।

क्रांति समय फाउंडेशन (NGO)

## सार-समाचार

### राज्य के 8 महानगरों में रात्रि कर्फ्यू में एक और घंटे की ढील

अहमदाबाद,गुजरात सरकार ने राज्य के 8 महानगरों में रात्रिकालीन कर्फ्यू में और एक घंटे की ढील देते हुए 31 जुलाई से कर्फ्यू का समय रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक कर दिया है। फिलहाल 8 महानगरों में रात 10 बजे से सुबह ६ बजे तक कर्फ्यू रहता है। मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की अध्यक्षता में हुई कोर समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए। आगामी 31 जुलाई से अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत, गांधीनगर, भावनगर, राजकोट, जूनागढ़ और जामनगर समेत 8 महानगरों में 31 जुलाई से रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू रहेगा। फिलहाल इन 8 महानगरों में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू है, जिसकी अवधि 31 जुलाई को खत्म हो जाएगी। 31 जुलाई से 8 महानगरों में होटल और रेस्टोरंट रात 10 बजे तक खुले रखे जा सकेंगे। इसके अलावा 31 जुलाई के बाद सार्वजनिक समारोह में 400 लोग शामिल हो सकेंगे। फिलहाल 200 से अधिक लोगों के शामिल होने पर रोक है। ऐसे कार्यक्रम यदि बंद होल में आयोजित किए जाते हैं तो कुल क्षमता के 50 प्रतिशत लेकिन अधिकतम 400 लोगों की सीमा में और वह कोविड नियमों का पालन करते हुए आयोजित किए जा सकेंगे। कोर समिति ने आगामी गणेशोत्सव में सार्वजनिक गणेशोत्सव में अधिकतम 4 फूट की गणेश प्रतिमा की स्थापना की मंजूरी देने का फैसला किया है।

### हरिप्रसाद स्वामी के अंतिन दर्शन करने आएंगे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

वडोदरा,सोखडा स्थित स्वामीनारायण संप्रदाय के हरिप्रसाद स्वामी महाराज को मंगलवार को निधन हो गया था। स्व. हरिप्रसाद स्वामी महाराज का 1 अगस्त को अंतिम संस्कार किया जाएगा। वडोदरा के सोखडा स्थित स्वामीनारायण मंदिर में स्व. हरिप्रसाद स्वामी महाराज के पार्थिव देह का अंतिम दर्शन करने की व्यवस्था की गई है। मंगलवार की दोपहर से बड़ी संख्या में उनका दर्शन करने लोग पहुंच रहे हैं। बुधवार की शाम गुजरात सरकार के मंत्री कुंवरजी बावलिया स्व. हरिप्रसाद स्वामी महाराज का दर्शन करने आएंगे। गुरुवार को गुजरात के ऊर्जा मंत्री सौरभ पटेल, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया स्व. हरिप्रसाद स्वामी के अंतिम दर्शन करने सोखडा आएंगे। शुक्रवार को गुजरात के शिक्षा मंत्री भूपेन्द्रसिंह चूडास्मा, शनिवार को राज्य के उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल और रविवार को मुख्यमंत्री विजय रूपाणी दर्शन के लिए आएंगे। स्व. हरिप्रसाद स्वामी के अंतिम दर्शन करने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह या भाजपा के राष्ट्रीय प्रमुख जेपी नड्डा के भी आने की संभावना है।













